ज्ञान, धर्म एवं संस्कृति के द्वारा भारतवर्ष ने सदैव से सभी देशों एवं विचारधाराओं पर विजय पताका फहराया है। प्रत्येक देश की अपनी धर्म एवं संस्कृति होती है जो उससे अन्य देशों से विशेष बनाती है। भारतीय ज्ञान परम्परा में धर्म एवं संस्कृति का अत्यन्त महत्त्व रहा है। भारतीय संस्कृति में संख्याओं का भी अपना एक अलग महत्त्व है जैसे कि संख्या 4 चतुर्वेद, चतुर्वर्ण, चतुर्युग, चतुर्दिक्, चार आश्रम आदि। इसी प्रकार 7 संख्या सात पर्वत, सात समुद्र, सात स्वर, सात रंग, सात अश्व, सात वार, सात धातु तथा सात ऋषियों के लिए प्रसिद्ध है। जब सात संख्या ऋषियों के सम्बन्ध में आती है तो कुछ प्रमुख सात ऋषियों की कल्पना मस्तिष्क में आती है तथा शास्त्रों में उनका नाम भी प्राप्त होता है। भारतीय काल गणना में मन्वन्तर काल की एक इकाई है जो ब्रह्मा द्वारा उत्पन्न मनु के द्वारा शासित एवं रक्षित होता है। शास्त्रों में प्राप्त सन्दर्भ के अनुसार सृष्टि की कुल आयु 4320000000 वर्ष है। इस सम्पूर्ण आयु को कुल 14 मन्वन्तरों में विभाजित किया गया है प्रत्येक मन्वन्तर भिन्न-भिन्न मनुओं के द्वारा संरक्षित होता है। एक मन्वन्तर में 71 बार चारों युग सतयुग, त्रेता, द्वापर एवं कलयुग सम्पन्न होते हैं। प्रत्येक मनु के साथ प्रत्येक मन्वन्तर में सप्तर्षि भी उत्पन्न होते हैं। इस प्रकार 14 मन्वन्तर में 14 मनु एवं 14 सप्तर्षि उत्पन्न होते हैं। वर्तमान मन्वन्तर के सप्तर्षियों के नाम इस प्रकार हैं- वशिष्ठ, कश्यप, अत्रि, जमदग्नि, गौतम, विश्वामित्र एवं भरद्वाज।[1] इन सभी ऋषियों में महर्षि गौतम अत्यन्त प्रसिद्ध एवं अग्रगण्य अधिष्ठित हैं।

भारतीय संस्कृति में ऋषियों की अत्यन्त उकृष्ट परम्परा रही है। कदाचित् भारतीय परम्परा को ऋषि परम्परा भी कह दिया जाता है वस्तुतः यह अतिशयोक्ति नहीं है। जो सूक्ष्म अर्थों को देखता है जानता है वह ऋषि है- पश्यति ह्यसौ सूक्ष्मानप्यर्थान्।[2] भारतीय लोक व्यवहार को ऋषियों ने ही अपनी तपश्चर्या से अत्यन्त सात्त्विक एवं बनाया। प्रत्येक मन्वन्तर में अलग-अलग सप्तर्षियों की उद्भावना विश्वकल्याण के लिए ही हुई है। उनको ब्रह्मचर्य आश्रम, गृहस्थ आश्रम, वानप्रस्थ आश्रम एवं संन्यास आश्रम चारों का ज्ञान था। सप्तर्षियों ने अपने प्रत्येक व्यवहार से जनमानस को लोककल्याणपरक कार्यों को करने के लिए ही प्रेरित किया है। सप्तर्षि साक्षात् धर्मस्वरूप थे। उनका प्रत्येक कर्म इन धर्म के लक्षणों के इर्द गिर्द ही नियन्त्रित रहता था। जैसा कि भगवान् मनु ने धर्म के दस लक्षण बताये हैं-

धृतिः क्षमा दमोऽस्तेयं शौचमिन्द्रियनिग्रहः।
धीर्विद्या सत्यमक्रोधो दशकं धर्मलक्षणम्॥[3]

महर्षि गौतम सप्तर्षियों में विशिष्ट स्थान को प्राप्त करते हैं। ये ब्रह्मा के मानस पुत्रों में से एक हैं। वैसे तो संस्कृत वाङ्मय में गौतम नाम से अनेक ऋषि, महर्षि, विद्वान् प्रसिद्ध हैं जैसे कि न्यायदर्शन के प्रणेता अक्षपाद गौतम, बौद्ध दर्शन के प्रवर्तक गौतम बुद्ध, अहिल्या के पति गौतम, गौतमीय धर्मसूत्र के लेखक आदि। सप्तर्षियों में जिनका नाम प्रसिद्ध है वे इनमें से कौन से गौतम हैं यह कह पाना कठिन है किन्तु यह निश्चित रूप से कहा जा सकता है महर्षि गौतम गौतम बुद्ध से अवश्य भिन्न हैं। क्योंकि

RNI-UTTHIN/2013/51284

ISSN-0975-8739

हिन्दी अर्द्धवार्षिक

जयराम संदेश
Jairam Sandesh

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा स्वीकृत विशेषज्ञ समिति द्वारा मूल्यांकित शोध-पत्रिका

A Peer Reviewed, Refereed Research Journal

मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम विशेषाङ्क

जून 2023 | वर्ष 11 | अंक 01

₹ 50/-

धर्म-दर्शन-अध्यात्म एवं सांस्कृतिक संदर्भ पर आधृत

हरिद्वार (उत्तराखण्ड)

RNI-UTTHIN/2013/51284

हिन्दी अर्द्धवार्षिक ISSN-0975-8739

जयराम संदेश
Jairam Sandesh

धर्म-दर्शन-अध्यात्म एवं सांस्कृतिक संदर्भ पर आधृत
A Peer Reviewed, Refereed Research Journal

जनवरी–जून
2023 ई.
विक्रम सम्वत् 2080

वर्ष : 11 अंक : 01

संरक्षक :
प. पू. ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी
परमाध्यक्ष : जयराम संस्थाएँ

**

परामर्शदातृ मण्डल
प्रो० वशिष्ठ त्रिपाठी (वाराणसी)
डॉ० रामभद्रदास श्रीवैष्णव (प्रयाग)
प्रो० रमेश कुमार पाण्डेय (दिल्ली)
प्रो० हरेराम त्रिपाठी (दिल्ली)
प्रो० रमाकान्त पाण्डेय (जयपुर)

**

सम्पादक
डॉ. शिवशङ्कर मिश्र
मोबाइल नं. 9456328499
ई-मेल : shivshankarmishra74@gmail.com

**

शोधपत्र परीक्षक मण्डल
प्रो० जे.के. गोदियाल (पौड़ी)
प्रो० राम बहादुर शुक्ल (जम्मू)
डॉ० रामनारायण द्विवेदी (दिल्ली)
डॉ० दिनेश कुमार गर्ग (वाराणसी)
डॉ० रामविनय सिंह (देहरादून)
डॉ० रामरतन खण्डेलवाल (हरिद्वार)

**

प्रूफ संशोधक
मनमुदित नारायण शुक्ल

**

प्रकाशक :
श्री जयराम आश्रम
भीमगोड़ा, हरिद्वार – 249401 (उत्तराखण्ड)
मोबाइल नं. 01334-260251
ई-मेल : jairamsandesh@gmail.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी द्वारा
भार्गव प्रिंटर्स, निकट ललतारौ पुल, जनपद-हरिद्वार,
उत्तराखण्ड से मुद्रित एवं
श्रीजयराम आश्रम भीमगोड़ा, जनपद हरिद्वार से प्रकाशित
सम्पादक : डॉ. शिवशंकर मिश्र

अनुक्रम

सम्पादकीय
रामादिवत्प्रवर्तितव्यम्.....प्रो० शिवशंकर मिश्र.....1
वर्तमान परिप्रेक्ष्य में श्रीरामचरितमानस.....प्रो० संगीता मिश्रा.....6
रामायन सत कोटि अपारा.....डॉ० नीलम त्रिवेदी.....9
राम ही धर्म के विग्रह हैं.....राम कुमार/कंचन कुमारी.....12
मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान् श्रीराम.....पं० तनसुखराम शर्मा.....16
श्रीराम का जीवनदर्शन : वाल्मीकि.....डॉ० लज्जा भट्ट.....20
श्रीरामचरितमानस में जयन्त परीक्षा.....प्रो० रामराज उपाध्याय.....25
श्रीराम की दिनचर्या.....डॉ० कीर्तिवल्लभ शक्टा.....28
रामकथा शशि किरन समाना.....डॉ० सुनीता कुमारी.....31
रामराज्य की प्रासंगिकता एवं महत्त्व.....डॉ० राहुल प्रसाद.....35
पुराणों एवं उपनिषदों में वर्णित मर्यादा.....डॉ० कमलेश शक्टा.....38
मानस में मानवीय मूल्यों के साथ.....डॉ० के०जी० दीक्षित.....40
रामकथा के संकीर्तित ग्रन्थों का परिशीलन...प्रो० रामबहादुर शुक्ल.....41
श्रीमद्वाल्मीकीय रामायण श्रीरामचरित्र.....आचार्या मिनति रथ.....47
तुलसीदास के अनुसार प्रभु श्रीराम.....अमन शर्मा.....49
महाकवि योगीश्वर के राम.....प्रो० अभिराज राजेन्द्र मिश्र.....53
साहित्य तथा व्याकरण की दृष्टि.....डॉ० द्वारिका प्रसाद नौटियाल.....57
श्रीराम एक तत्त्वोपदेष्टा गुरु.....डॉ० आशुतोष गुप्त/तीजराम वर्मा.....60
मानव जीवन के आदर्श–श्रीराम.....अंकित सिंह यादव.....66
स्वामी करपात्रीजी द्वारा रचित.....आशीष शर्मा.....71
रामराज्य में संविधान की.....डॉ० अनिलानन्द.....75
राम की प्रतिज्ञा–रामायण के विशेष.....शोभा आर्या.....80
वाल्मीकि रामायण और उत्तरपुराण.....कु० पुष्पा.....83
सास्त्र सुचिंतित पुनि–पुनि देखिअ.....प्रियांजुल ओझा.....87
रामराज्य : गाँधी जी का दृष्टिकोण.....डॉ० धनंजय शर्मा.....92
भासकृत नाटकों के राम.....प्रो० शालिमा तबस्सुम/सपना.....96
श्रीराम की ब्रह्मरूपता.....डॉ० गीता शुक्ला.....100
भगवान् श्रीराम का सपरिकर.....मुदित कुमार पाण्डेय 'मगन दास'.....103
श्रीरामचरितमानस में तुलसी की विनम्रता.....डॉ० चन्द्रपाल शर्मा.....105
रामचरितमानस : मानवता का महाकाव्य.....डॉ० रामनारायण शर्मा.....108
अध्यात्म रामायण में अभिहित राम.....कोमल देवी.....114
श्रीरामचरितमानस में भगवद्गुणवैभव.....अंकुर नागपाल.....117
मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के व्यक्तित्व.....डॉ० विजय गुप्ता.....121
जयराम आश्रम द्वारा संचालित विविध सेवाप्रकल्प

पत्रिका ऑनलाईन उपलब्ध - jairamashram.org/publication jairamsandeshpatrika

- पत्रिका में प्रकाशित रचनाओं में व्यक्त चिन्तन से सम्पादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं।
- पत्रिका के सम्बन्ध में किसी भी विवाद के निस्तारण का न्याय क्षेत्र केवल हरिद्वार होगा।
- पत्रिका के सम्पादक एवं परामर्श-परीक्षक मण्डल के समस्त सदस्य पूर्णतया अवैतनिक हैं।
- पत्रिका में प्रकाशित रचनाओं की मौलिकता के सम्बन्ध में सम्पूर्ण उत्तरदायित्व लेखक का ही है, प्रकाशक और सम्पादक का नहीं।

मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के व्यक्तित्व में अष्टाङ्गयोग के यम का दिग्दर्शन

डॉ० विजय गुप्ता
सहायक आचार्य-सर्वदर्शन विभाग
श्री ला.ब.शा.रा.सं. वि.वि.,
नई दिल्ली-16

भारतीय संस्कृति विश्व की सर्वाधिक प्राचीन एवं वैज्ञानिक संस्कृति है। भारतीय संस्कृति अनेकों देशों के संस्कृति-निर्माण में उपजीव्य है। अनेकों देश आज भी संस्कृति की महानता के कारण भारत को पूज्य एवं श्रेष्ठ मानते हैं। भारतीय संस्कृति अत्यन्त समृद्ध है। भारतीय संस्कृति वेदों पर आश्रित है, वेदों में प्रतिपादित सामाजिक एवं सांस्कृतिक व्यवहारों एवं नियमों के परिपालन से भारतीय संस्कृति में किसी प्रकार की विकृति द्रष्टव्य नहीं है। भारतीय संस्कृति के पोषक ग्रन्थों एवं महाकाव्यों में चित्रित चरित्र की महानता, उनकी सत्यनिष्ठता, धर्मप्रियता, कर्त्तव्यपरायणता प्रत्येक व्यक्ति को प्रेरित करने वाली है। ऋग्वेदादि में प्राप्त अग्नि, इन्द्र, विष्णु आदि सूक्तों तथा विश्वामित्र-नदी, सरमा-पणि, पुरुरवा-उर्वशी आदि संवाद सूक्तों में प्रतिपादित नैतिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक चेतना भारतीय संस्कृति को निरन्तर सबलता प्रदान करती है। इसी प्रकार आर्ष महाकाव्यों के नायक नायिका आदि के चरित्र अत्यन्त अनुकरणीय हैं। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम आर्षकाव्य के महानायक हैं जिन्होंने अपने चरित्र से सम्पूर्ण धरा एवं भारतीय संस्कृति को आप्लावित किया है। भगवान् श्रीराम के चरित्र में धर्म के सभी गुण विद्यमान् हैं। भगवान् श्रीराम में मानवता के सभी गुण निहित हैं इसीलिए पुरुषोत्तम श्रीराम को 'धर्म का विग्रह' अर्थात् 'धर्म की मूर्ति' भी कहा गया है- 'एषः विग्रहवान् धर्मः'[1]। भगवान् श्रीराम का चरित्राङ्कन करने वाली रामायण कथा को एक श्लोक में निबद्ध किया गया है, जो अत्यन्त प्रसिद्ध है-

आदौ रामतपोवनादिगमनं हत्वा मृगं काञ्चनं
वैदेहीहरणं जटायुमरणं सुग्रीवसम्भाषणम्।
बालीनिग्रहणं समुद्रतरणं लङ्कापुरीदाहनं
पश्चाद्रावणकुम्भकर्णहननमेतद्धि रामायणम्॥

एकश्लोकी रामायण-राम का व्यक्तित्व असीमित है, अपरिमित है। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के चरित्र को आश्रित कर महर्षि वाल्मीकि द्वारा विरचित श्रीमद्वाल्मीकि रामायण लौकिक संस्कृत वाङ्मय का प्रथम काव्य है इसीलिए इसे आदिकाव्य भी कहा जाता है। वाल्मीकि रामायण को आधार करके अब तक शताधिक-सहस्राधिक काव्य, महाकाव्य, नाटक, चम्पू आदि अनेक विधाओं में ग्रन्थ लिखे जा चुके हैं, प्रभु श्रीराम के चरित्र को आश्रित कर अब तक शताधिक अनुसन्धान हो चुके हैं किन्तु यह धारा रूकने का नाम नहीं ले रही, अद्यतन भी अनेकों अनुसन्धान कार्य किये जा रहे हैं। प्रभु श्रीराम के चरित्र में सभी ज्ञान विज्ञान समाहित हो जाते हैं। प्रभु श्रीराम के चरित्र में सभी नियम, प्रतिष्ठा आदि भी सन्निविष्ट हो जाते हैं। प्रभु श्रीराम का चरित्र अथाह समुद्र सदृश है जिसमें बार-बार मन्थन किया जाता है तथा बार-बार कुछ नवीन विचार सदृश अमृत के कुण्ड का प्रादुर्भाव हो ही जाता है। इसी प्रकार इस शोधपत्र में प्रभु श्रीराम के चरित्र में निहित अहिंसा, सत्य आदि योगदर्शन के अष्टाङ्गयोगों के प्रथम अङ्ग यम के पाँचों अङ्गों का अनुसन्धान किया जा रहा है जो आधुनिक समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए अत्यन्त प्रेरणादायी, अनुकरणीय एवं लाभप्रद होगा।

अब हम श्रीराम के चरित्र में विद्यमान् अमानवीय गुणों अर्थात् दिव्य गुणों को शिथिल करते हुए एक सामान्य मनुष्य के सदृश ही अवलोकन करते हैं। संस्कृत शास्त्रों में राम शब्द की व्युत्पत्ति करते हुए कहा गया है कि- 'रमते कणे कणे इति रामः' अर्थात् जो जगत् के प्रत्येक कण में रमण करता है वह राम है। हम यदि दर्शन की परम्परा में चिन्तन करें तो श्रीराम का व्यक्तित्व एक योगी के सदृश प्रतीत होता है जिसने चित्त का अत्यन्त नियन्त्रण करके सभी सिद्धियों एवं विभूतियों पर विजय प्राप्त कर ली है, विभूतियों पर विजय प्राप्त करने का आशय है कि उनमें अनेकों प्रकार की अलौकिक शक्तियाँ आ गयी हैं, एक सामान्य व्यक्ति के लिए तो ऐसा ही प्रतीत होगा। किन्तु पातञ्जल योगदर्शन के तृतीय पाद में निरूपित विभूतियों का

UGC - CARE LISTED

ISSN: 0974-8946

अनुसन्धान-प्रकाशन-विभागीया त्रैमासिकी शोध-पत्रिका

शोध-प्रभा

(A Refereed & Peer-Reviewed Quarterly Research Journal)

48 वर्षे द्वितीयोऽङ्कः (अप्रैल-जून) 2023 ई.

प्रधानसम्पादकः

प्रो. मुरलीमनोहरपाठकः

कुलपतिः

सम्पादकः

प्रो. शिवशङ्करमिश्रः

शोधविभागाध्यक्षः

सहसम्पादकः

डॉ. ज्ञानधरपाठकः

श्रीलालबहादुरशास्त्रीराष्ट्रियसंस्कृतविश्वविद्यालयः

(केन्द्रीयविश्वविद्यालयः)

नवदेहली-16

UGC-CARE Listed ISSN : 0974-8946

अनुसन्धान-प्रकाशन-विभागीया त्रैमासिकी शोध-पत्रिका

शोध-प्रभा

(A REFERRED & PEER-REVIEWED QUARTERLY RESEARCH JOURNAL)

48 वर्षे द्वितीयोऽङ्कः (अप्रैल-जून) 2023 ई.

प्रधानसम्पादकः

प्रो. मुरलीमनोहरपाठकः

कुलपतिः

सम्पादकः

प्रो. शिवशङ्करमिश्रः

शोधविभागाध्यक्षः

सहसम्पादकः

डॉ. ज्ञानधरपाठकः

शोधसहायकः

श्रीलालबहादुरशास्त्रीराष्ट्रियसंस्कृतविश्वविद्यालयः

(केन्द्रीयविश्वविद्यालयः)

नवदेहली-110016

विषयानुक्रमः

संस्कृतविभागः

1. **श्रीमद्भगवद्गीतायामात्मनियन्त्रणाभ्यासः** 1-5
   - डॉ.योगेश्वरमहान्तः
2. **आचार्योपदिष्टभक्तिरसः** 6-12
   - श्रीमनमुदितनारायणशुक्लः
3. **वेदेषु संहिताग्रन्थेषु च चिकित्सा** 13-18
   - श्रीमुकेशशर्मा
4. **श्रीमद्भागवतमहापुराणदृशा प्रतिमाभेदाः** 19-24
   - डॉ. ज्योतिप्रसादगैरोला

हिन्दी विभाग

5. **नासदीयसूक्त तथा प्रारम्भिक यूनानी दर्शन** 25-34
   - प्रो. मुरलीमनोहर पाठक
6. **शैक्षिक परिप्रेक्ष्य में वैशेषिक दर्शन की उपादेयता** 35-55
   - प्रो. लीना सक्करवाल
7. **शिवसंकल्पसूक्त और न्याय-वैशेषिक का मनस्** 56-67
   - डॉ. अनीता राजपाल
8. **अर्वाचीन संस्कृत भाषा-साहित्य की गजल यात्रा** 68-81
   - डॉ. राजमंगल यादव
9. **बौद्ध जातक कथाओं में भारतीय संस्कृति का दिग्दर्शन** 82-87
   - डॉ. विजय गुप्ता

UGC–CARE Listed
अप्रैल-जून, 2023

शोधप्रभा
वर्ष : 48, द्वितीयोऽङ्कः

बौद्ध जातक कथाओं में भारतीय संस्कृति का दिग्दर्शन

- डॉ. विजय गुप्ता*

भारतीय सभ्यता में प्राचीन काल से ही कथा-श्रवण की बड़ी ही रोचक परम्परा रही है। कथाएं केवल सुनकर आनन्द लेने के लिए नहीं होती हैं अपितु उनमें किसी न किसी प्रकार का संदेश अवश्य निहित होता है। हितोपदेश, पंचतन्त्र, बृहत्कथा, वेताल पंचविंशति, कथासरित्सागर जैसे अनेक कथा साहित्य भारतीय संस्कृत साहित्य के ललाट शिरोमणि हैं। आदिग्रन्थ ऋग्वेदादि के विभिन्न सूक्तों में मानवीय चेतना को जगाने के लिए, अपने कर्त्तव्यों का धर्मपूर्वक निर्वाह करने के लिए अनेक कथाओं का दिग्दर्शन होता है जहाँ भारतीय संस्कृति कराम्लवत् दिखायी पड़ती है। ई०पू० पांचवीं शताब्दी में जन्मे महात्मा गौतम बुद्ध ने इसी परम्परा का अनुसरण करके अपने अनुयायियों एवं लोकवासियों को कथा-माध्यम से सत्कर्म की ओर प्रवृत्त किया। वस्तुतः बौद्ध कथाएं भारतीय संस्कृति की दिग्दर्शिका हैं।

भगवान् बुद्ध द्वारा किये गये सारे कथा-प्रवचन जातक कथाओं के नाम से प्रसिद्ध हैं लेकिन मान्यता ये भी है कि ये सारी कथाएं भगवान् बुद्ध के पूर्वजन्म से सम्बन्धित हैं। जातक का मतलब होता है जन्म से सम्बन्धित। बौद्ध साहित्य में जातकों की संख्या ३४[1] से ५५०[2] तक मिलती है, जो बौद्धग्रन्थ के आधारग्रन्थ त्रिपिटकों में से सुत्तपिटक के खुद्दकनिकाय में संग्रहित हैं। भगवान् बुद्ध ने तत्काल प्रचलित कथाओं को धर्मोपदेश का आधार बनाकर उपदेश दिया तथा उनके शिष्यों ने उनका अनुसरण करते हुए धर्मनिरपेक्ष कथाओं को जातक-रूप दे दिया।[3] इसी प्रकार भगवान् बुद्ध द्वारा प्रवाचित जातक कथाओं में भारतीय संस्कृति के प्रायः सभी अंगों का दिग्दर्शन हो जाता है, जिसमें लोकहित सर्वोपरि है-

---

* सहायकाचार्य, सर्वदर्शनविभाग, श्री ला. ब. शा. राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली-16

1. आर्यसूर विरचित जातकमाला
2. चुल्लनिद्देश, २.८०
3. The present form in which we find the Jatakas, is nothing but a book of commentary, a literary manipulation, which may have growth out of the works of a considerable number of scholars in the 5th A.D. or even at a later period. This had become possible for the reason that the Buddha himself knowing the faculties and adaptibilities of his numerous hearers would have narrated many amusing interesting stories……. This has been corroborated in the Saddharmapundarika for the first time. In the same book it is stated that the Buddha teaches both by Sutras and stanzas and legends and Jatakas. (A Study on Jatakas and Avadanas, p. 15)

RNI-UTTHIN/2013/51284

ISSN-0975-8739

हिन्दी अर्द्धवार्षिक

जयराम संदेश
Jairam Sandesh

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा स्वीकृत विशेषज्ञ समिति द्वारा मूल्यांकित शोध-पत्रिका

A Peer Reviewed, Refereed Research Journal

शक्तिपीठ विशेषांक

जुलाई-दिसम्बर 2023 | वर्ष 11 | अंक 02

₹ 50/-

धर्म-दर्शन-अध्यात्म एवं सांस्कृतिक संदर्भ पर आधृत

हरिद्वार (उत्तराखण्ड)

RNI-UTTHIN/2013/51284

हिन्दी अर्द्धवार्षिक ISSN-0975-8739

जयराम संदेश
Jairam Sandesh

धर्म-दर्शन-अध्यात्म एवं सांस्कृतिक संदर्भ पर आधृत
A Peer Reviewed, Refereed Research Journal

जुलाई–दिसम्बर
2023 ई.
विक्रम सम्वत् 2080

वर्ष : 11 अंक : 02

संरक्षक :
प. पू. ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी
परमाध्यक्ष : जयराम संस्थाएँ

**

परामर्शदातृ मण्डल
प्रो० वशिष्ठ त्रिपाठी (वाराणसी)
डॉ० रामभद्रदास श्रीवैष्णव (प्रयाग)
प्रो० रमेश कुमार पाण्डेय (दिल्ली)
प्रो० हरेराम त्रिपाठी (दिल्ली)
प्रो० रमाकान्त पाण्डेय (जयपुर)

**

सम्पादक
प्रो. शिवशङ्कर मिश्र
मोबाइल नं. 9456328499
ई-मेल : shivshankarmishra74@gmail.com

**

शोधपत्र परीक्षक मण्डल
प्रो० जे.के. गोदियाल (पौड़ी)
प्रो० राम बहादुर शुक्ल (जम्मू)
प्रो० रामनारायण द्विवेदी (दिल्ली)
प्रो० दिनेश कुमार गर्ग (वाराणसी)
प्रो० रामविनय सिंह (देहरादून)
डॉ० रामरतन खण्डेलवाल (हरिद्वार)

**

प्रूफ संशोधक
डॉ. मनमुदित नारायण शुक्ल

**

प्रकाशक :
श्री जयराम आश्रम
भीमगोड़ा, हरिद्वार – 249401 (उत्तराखण्ड)
01334-260251
ई-मेल : jairamsandesh@gmail.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी द्वारा
भार्गव प्रिंटर्स, निकट ललतारी पुल, जनपद-हरिद्वार,
उत्तराखण्ड से मुद्रित एवं
श्रीजयराम आश्रम भीमगोड़ा, जनपद हरिद्वार से प्रकाशित
सम्पादक : डॉ. शिवशंकर मिश्र

अनुक्रम

आशीर्वचन
सम्पादकीय
शक्ति–पीठ.....पं० तनसुखराम शर्मा.....1
शक्तिपीठ– 'देवीभागवतपुराण'.....डॉ० लज्जा भट्ट.....12
भारतवर्ष के उत्तरी भाग में प्राप्त .....प्रो० रामबहादुर शुक्ल.....15
शाक्त दर्शन एवं शक्ति उपासना.....प्रो० रामराज उपाध्याय.....22
शक्तिपीठों का दार्शनिक सन्दर्श.....डॉ0 विजय गुप्ता.....25
कूर्मांचल की वरदायिनी कुछ प्रसिद्ध.....डॉ० कीर्तिवल्लभ शक्टा 'शाकटायन'.....29
देवी के 108 सिद्धपीठों में से.....आचार्या मिनति रथ.....31
वेदान्त शास्त्र में प्राण और.....डॉ० अनिलानन्द.....33
श्रीमद्भागवत में शक्ति.....रविशंकर त्रिपाठी.....40
ज्ञानप्राप्ति में यम–नियम.....महाबीर शुक्ल 43
माता सती और उनके शक्तिपीठ.....डॉ0 धनंजय शर्मा.....47
माँ बगलामुखी और उनके साधकों.....मुदित कुमार पाण्डेय 'मगन दास'.....52
भारत में विद्यमान बयालीस शक्ति.....राम कुमार.....54
शक्तिपीठों में वाराणसी के .....वितेश कुमार.....61
कात्यायनी शक्तिपीठ.....आशीष शर्मा.....66
कामाख्या शक्तिपीठ की ऐतिहासिकता.....डॉ० आरती बाली.....69
कामाख्या शक्तिपीठ.....कंचन कुमारी.....73
शक्तिपीठों में कामाख्या शक्तिपीठ.....डॉ० नीतू बाला.....79
शक्तिपीठों का प्रादुर्भाव.....तानिया डसगोत्रा.....83
जयराम आश्रम द्वारा संचालित विविध सेवाप्रकल्प

पत्रिका ऑनलाईन उपलब्ध - jairamashram.org/publication jairamsandeshpatrika

- पत्रिका में प्रकाशित रचनाओं में व्यक्त चिन्तन से सम्पादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं।
- पत्रिका के सम्बन्ध में किसी भी विवाद के निस्तारण का न्याय क्षेत्र केवल हरिद्वार होगा।
- पत्रिका के सम्पादक एवं परामर्श-परीक्षक मण्डल के समस्त सदस्य पूर्णतया अवैतनिक हैं।
- पत्रिका में प्रकाशित रचनाओं की मौलिकता के सम्बन्ध में सम्पूर्ण उत्तरदायित्त्व लेखक का ही है, प्रकाशक और सम्पादक का नहीं।

शक्तिपीठों का दार्शनिक सन्दर्श : एक विश्लेषण

डॉ. विजय गुप्ता
सहायक आचार्य- सर्वदर्शन विभाग, श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली

भारतीय ज्ञान परम्परा के विविध आयामों में शक्तिपीठ भी अत्यन्त प्रसिद्ध हैं। ये भारतीय संस्कृति के प्रमुख अङ्ग हैं। जहाँ शक्तिपीठ भारतीय संस्कृति के प्रमुख तीर्थस्थल हैं, वहीं उनका एक प्राचीन एवं रुच्युत्पादक ऐतिह्य भी है। पौराणिक कथाओं के अनुसार प्रजापति दक्ष की इच्छा के विरुद्ध सती द्वारा शिव को वरण करना, दक्ष द्वारा अपमान के उद्देश्य से स्वनियोजित महायज्ञ में अपने ही दामाद शिव एवं पुत्री सती को आमन्त्रित न करना, शिव से अनुमति न मिलने पर पितृमोह में दशविद्याओं वाली विकराल जगदम्बा के रूप में आने पर अनुमति मिलना, वहाँ सभी के द्वारा शिव एवं अपना अपमान किये जाने पर सती द्वारा छायाशरीर के रूप में यज्ञकुण्ड में प्रवेश कर जाना, शिव का अत्यन्त क्रुद्ध होना, वीरभद्रादि द्वारा यज्ञ को तहस-नहस करना, शिव द्वारा सती के छायाशरीर को लेकर प्रचण्ड ताण्डव करना, सृष्टि के प्रलय की आशंका होने पर देवताओं द्वारा विनिवेदित श्रीविष्णु द्वारा सुदर्शन चक्र से सती के छायाशरीर के अङ्ग-प्रत्यङ्ग को क्षत-विक्षत करना, सती के छायाशरीर के यत्र-तत्र गिरे टुकड़ों का शक्तिपीठ के रूप में प्रसिद्ध होना; भिन्न-भिन्न शास्त्रों में इसी कथा को विविध रूपों में प्रस्तुत किया गया है। इन प्रसिद्ध शक्तिपीठों में दर्शन के अनेक अवयव सन्निहित हैं, जिनका यत्किञ्चित् विवेचन प्रस्तुत शोधपत्र में किया जायेगा।

शक्लृ शक्तौ धातु से क्तिन् प्रत्यय होकर शक्ति शब्द निष्पन्न होता है, जिसका अर्थ है- अपृथक्सिद्धधर्मविशेष अर्थात् सामर्थ्यविशेष। अर्थात् ऐसा धर्मविशेष जो उस वस्तु से पृथक् नहीं किन्तु कार्यों को सिद्ध करने वाला होता है, जैसे कि कल्पद्रुम में कहा है- 'कायजननसामर्थ्यम्'। शक्ति शब्द का साक्षात् सम्बन्ध देवी दुर्गा, काली, लक्ष्मी आदि से भी माना गाया है। संस्कृत कोशग्रन्थों में शक्ति के अनेक अर्थ बताये गये हैं वहीं जटाधर नामक कोश में शक्ति का एक अर्थ 'ऊर्जा' भी बताया गया है, जो कि अत्यन्त व्यावहारिक एवं प्रासङ्गिक है।

शक्ति की दार्शनिक पृष्ठभूमि विशेष रूप से काश्मीर शैवदर्शन एवं शाक्तदर्शन में दृष्टिगोचर होती है। शास्त्रों में शक्ति को ही आत्मा भी कहा गया है-'आत्मा शक्तिः'।[1] सामान्यतः ब्रह्म के सृष्ट्युत्पत्ति रूपी कार्य को भी शक्ति कहा

Website : aisanskritsahityasammelan.com
E-mail : sanskritratnakar01@gmail.com

ISSN 2395-3055

नवम्बर, 2023 ₹ 25

विशेषज्ञ समिति द्वारा समीक्षित संस्कृत की एक श्रेष्ठ मासिक शोधपत्रिका

संस्कृत-रत्नाकरः

Sanskrit Ratnakar

(A peer reviewed monthly Sanskrit Research Journal)



अखिल भारतीय संस्कृत साहित्य सम्मेलन (रजि0)
संस्कृत भवन, ए-10, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, अरुणा आसफ अली मार्ग,
नई दिल्ली - 110067

वर्ष : 10 अंक : 06 (114)

विशेषज्ञ समिति द्वारा समीक्षित संस्कृत की एक श्रेष्ठ मासिक शोधपत्रिका

संस्कृत-रत्नाकरः
Sanskrit Ratnakar

(A peer reviewed monthly Sanskrit Research Journal)

स्वामित्व	:	अखिल भारतीय संस्कृत साहित्य सम्मेलन (रजि.)
अध्यक्ष	:	प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय अखिल भारतीय संस्कृत साहित्य सम्मेलन
प्रधान सम्पादक (पदेन)	:	रमाकान्त गोस्वामी
सम्पादक	:	प्रो. शिवशङ्कर मिश्र
सह-सम्पादक	:	डॉ. विजय गुप्ता
शोधपत्रपरीक्षक मण्डल	:	प्रो. केदार प्रसाद परोहा (नई दिल्ली) प्रो. रमाकान्त पाण्डेय (जयपुर) प्रो. रामसलाही द्विवेदी (नई दिल्ली) प्रो. रामनारायण द्विवेदी (काशी) प्रो. विनय कुमार पाण्डेय (काशी)
व्यवस्थापक मण्डल	:	आर. एन. वत्स 'एडवोकेट'
ग्राफिक डिजाईनर	:	विश्वकर्मा शर्मा
संपादकीय कार्यालय	:	संस्कृत भवन, ए-10, अरुणा आसफ अली मार्ग, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-67
संपादक, प्रकाशक एवं मुद्रक	:	रमाकान्त गोस्वामी, महासचिव, अ.भा.सं. सा.स.
दूरभाष	:	011-41552221, मो.- 9818475418

Website : aisanskritsahityasammelan.com
E-mail : sanskritratnakar01@gmail.com

नियम एवं निर्देश :-

- संस्कृत-रत्नाकरः में प्रकाशित लेख लेखकों के अपने व्यक्तिगत विचार हैं। इसके लिए "संस्कृत-रत्नाकरः" जिम्मेदार नहीं है।
- प्रकाशितशोधसामग्री लेखकस्यास्ति अतः लेखस्य मौलिकतादिविषये सम्पूर्णं दायित्वं लेखकस्य भविष्यति न तु सम्पादकस्य न वा प्रकाशकस्य।

विषय-सूची

04 | 'अनुसन्धानसम्पादनप्रविधिः' ग्रन्थ की समीक्षा
– डॉ. विजय गुप्ता

06 | जल के वैदिक सन्दर्भ : एक समीक्षा

17 | चिकित्सानुसन्धानकेन्द्रनिर्माणस्य प्रमुखसिद्धान्ताः
– मुकेशशर्मा

(कवर सहित पृष्ठ संख्या 24)

सम्पादकीयम्

"विद्वान् सर्वत्र पूज्यते"

स्वगेहे पूज्यते गेही स्वग्रामे पूज्यते प्रभुः ।
स्वदेशे पूज्यते राजा विद्वान् सर्वत्र पूज्यते ॥
विद्वत्वं च नृपत्वं च नैव तुल्यं कराचन ।
स्वदेशे पूज्यते राजा विद्वान् सर्वत्र पूज्यते ॥

एतदाभाणकमक्षरशः संघटते लोकजीवने । ये खलु सरस्वतीसमुपासकाः विद्यालाभायलब्धक्लेशाः मातरं शारदां सततं समाराधयन्ति तेषां यश-प्राप्तिः जयलाभश्च निश्चयेन जायते। अपरिचितेऽपि देशे ज्ञानवैभवाद् विद्वांसः समादृियन्ते पूज्यन्ते च। विद्यायाः भवति कश्चन तथालोकः यस्मिन् सर्वे आलोकिताः चमत्कृताश्च भवन्ति। अयं प्रज्ञालोकरू अत्यन्तं प्रदीप्तः यश्च स्वसत्त्वं स्वयमेव प्रमाणयन्ति तदर्थं प्रमाणान्तरस्यापेक्षा न भवति। यथा कस्तूरीमृगः स्वकस्तूरिकामोदं शयथेन न प्रमाणयत्यपितु तस्य सौरभ एव कस्तूर्याः सत्त्वे प्रमाणभूतो भवति। अत एवोच्यते -

न हि कस्तूरिकामोदः शयथेन विभाव्यते ।

अखिलभारतीयसंस्कृतसाहित्यसम्मेलनं विगतेभ्यो दशाधिकवर्षेभ्यः प्रतिवर्षं विदुषां शास्त्रसाधनां समवलोक्य, तेषां विद्यावैभवं विलोक्य, अध्ययने, अध्यापने, सर्जने प्रकाशने च तेषां श्रमं परीक्ष्य तान् श्रद्धया सम्मानयति पुरस्करोति च। वर्षेऽस्मिन् पुरस्कारनिर्णायकसमित्या गहनपरीक्षणानन्तरं देशस्य त्रयो विद्वांसः पुरस्काराय चिताः, तेषां विवरणमेवम् -

1. डॉ. नन्दिता शास्त्री 'चतुर्वेदी'
2. प्रो. भारतेन्दु पाण्डेय
3. डॉ. मधुसूदन मिश्र

एतेषां विदुषामहर्निशपरिश्रमेण संस्कृतमातुः समर्चनेन च अनेके विद्यार्थिनः शोधार्थिनश्च निरन्तरं संस्कृतमातरं सेवन्ते। सम्मेलनसदस्यैः विशेषज्ञैश्च एतेषां संस्कृतसेवाभावनां विभाव्य अस्य वर्षस्य पुरस्कारप्रदानाय एते निणीतः। पुरस्काररूपेण एतेभ्यः प्रशस्तिपत्रं पुरस्कारराशिश्च प्रदीयते। नवम्बरमासस्य द्वितीये दिनाङ्के समायोजिते एकस्मिन् सम्मानसमारोहे सम्मेलनसदस्यानां विशिष्टातिथीनाञ्च समक्षमेते पुरस्काराः विद्वद्भ्यः सादरं प्रदास्यन्ते। विदुषां सम्माननेन अस्माकं सम्मेलनमपि स्वस्मिन् गौरवं स्वाभिमानञ्चानुभवति।

जयतु भारतम् । जयतु संस्कृतम्।

प्रो. शिवशङ्करमिश्रः, शोधविभागाध्यक्षः
श्रीलालबहादुरशास्त्रीराष्ट्रियसंस्कृतविश्वविद्यालयः

20 | योगदर्शने योगपदार्थमधिकृत्य वाचस्पतिमिश्रमतम्
– सुभाषकुन्तलः



'अनुसन्धानसम्पादनप्रविधिः' ग्रन्थ की समीक्षा

"ग्रन्थ नाम : अनुसन्धानसम्पादनप्रविधिः, लेखक: महामहोपाध्याय आचार्य रहसबिहारी द्विवेदी, सम्पादक : प्रो. रमेशकुमार पाण्डेय, प्रकाशक : शोध-प्रकाशन विभाग, श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली, संस्करण: २०२३, भाषा : संस्कृत एवं हिन्दी"

अनुसन्धान शिक्षा की पराकाष्ठा है। अनुसन्धान भारतीय ज्ञान परम्परा की ऋषिचर्या है। अनुसन्धान शिक्षा का परिवर्द्धित, परिरक्षित एवं संस्कृत परिणाम है। अनुसन्धान वेद का उत्स है। आधुनिक पद्धति में अनुसन्धान एक प्रारूप के अनुरूप किया जाने वाला बौद्धिक कार्य है, जिससे किसी विशेष निष्कर्ष की प्राप्ति होती है। अनुसन्धान शब्द के लिए अन्य पर्यायों का भी प्रयोग किया जाता है जैसे कि- शोध, गवेषण, अन्वेषण, अनुशीलन, परिशीलन, परीक्षण, आलोचना, परिपृच्छा, मीमांसा आदि। ये सभी शब्द पर्यायेण समान अर्थ का बोध कराते हैं किन्तु भिन्न-भिन्न शास्त्रों में भिन्न-भिन्न अर्थ में प्रयुक्त किये जाते हैं। अनुसन्धान शब्द अनु एवं सम् उपसर्गपूर्वक धा धातु से ल्युट् प्रत्यय होकर निष्पन्न हुआ है, जहाँ सन्धान शब्द का १३ अर्थों में प्रयोग देखा जाता है यथा- १.स्थापना[1], २.परस्परानुकूलता[2], ३.सम्यग्धारण[3], ४.आभिमुख्येन स्थापना[4], ५.सम्प्रयोग[5], ६. संश्लेष[6], ७.सन्निधान[7], ८.सम्यग् हवन[8], ९.संयोजन[9], १०.सन्धि[10], ११.सङ्घट्टन[11], १२.बाणसन्धान[12] एवं १३.अभिषव[13]। भारतीय ज्ञान परम्परा में अनुसन्धान की प्राचीन प्रविधि अत्यन्त परिष्कृत थी, जिसमें विषय, विशय (संशय), पूर्वपक्ष, उत्तरपक्ष एवं निर्णय; इन पाँच अङ्गों अर्थात् प्रविधियों का सम्यक् प्रयोग करते हुए अनुसन्धानात्मक निष्कर्ष पर पहुँचा जाता था-

विषयो विशयश्चैव पूर्वपक्षस्तथोत्तरम्।
निर्णयश्चेति पञ्चाङ्गं शास्त्रेऽधिकरणं विदुः॥

भारतीय ज्ञान परम्परा में अनुसन्धान की प्राचीन एवं नवीन दोनों पद्धति प्रसिद्ध है। प्रसिद्ध शिक्षाविदों का कहना है कि सम्प्रति काल में अनुसन्धान की जो प्रविधि एवं प्रवृत्ति प्रसिद्ध है, वह पाश्चात्य शिक्षा नीति के प्रभाव का परिणाम है। वस्तुतः भारत में शिक्षा नहीं अपितु विद्या अथवा ज्ञान की परम्परा रही है। विद्या के प्रचार, प्रसार एवं व्यवहार की एक अलग ही पद्धति प्रसिद्ध थी, जिसका उल्लेख अनेकों शास्त्रों में प्राप्त होता है; श्रवण, मनन एवं निदिध्यासन भी उसी का एक प्रसिद्ध रूप है। महर्षि पतञ्जलि ने आगमकाल, स्वाध्यायकाल, प्रवचनकाल एवं व्यवहारकाल की दृष्टि से प्राचीन अनुसन्धान पद्धति को बताया है।[14] मनुस्मृतिकार कहते हैं कि जो तर्क से अनुसन्धित होता है उसे ही धर्म जानो, अन्य को नहीं[15]; इसी प्रकार से अनेकों रूपों प्राचीन अनुसन्धान का विवेचन प्राप्त होता है। आधुनिक काल में जो अनुसन्धान की पद्धति प्रसिद्ध है वह कुछ निर्धारित नियमों (शर्तों) अथवा प्रारूपों में निबद्ध है। अनुसन्धान का आधुनिक रूप Research है, जिसका अर्थ है- पुनः खोज; जो १. अज्ञात तथ्य का ज्ञापन, २. ज्ञात तथ्य का परीक्षण अथवा पुनःविवेचन, ३. समीचीन पद्धति का प्रयोग, ४. ज्ञानसीमा का विस्तार एवं ५. प्रामाणिक निष्कर्ष; इन पाँच बिन्दुओं को अपने केन्द्र में रखकर प्रवृत्त होता है।

भारतीय अनुसन्धान प्रविधि को अभिकेन्द्रित कर प्रवृत्त 'अनुसन्धानसम्पादनप्रविधिः' नामक इस ग्रन्थ का कलेवर अत्यन्त विस्तृत है। ४३० से अधिक पृष्ठों में प्रकाशित इस ग्रन्थ के सम्पूर्ण विषयवस्तु को पूर्वबन्ध, मुख्यबन्ध एवं उत्तरबन्ध के रूप में मुख्यरूप से तीन बन्धों में विभाजित किया जा सकता है, जिसमें पूर्वबन्ध के अन्तर्गत प्ररोचना, सम्पादकीय, आमुख, लेखक द्वारा १४ पृष्ठों में संस्कृत एवं हिन्दी भाषा में निबद्ध प्राक्कथनम् तथा विषयानुक्रमणिका समाहित हो जाता है। मुख्यबन्ध के अन्तर्गत तीन अधिकरणों में विभाजित ग्रन्थ का मुख्य प्रतिपाद्य विषय आता है, जो ३१३ पृष्ठों में निबन्धित है, जहाँ प्रथम अधिकरण में अनुसन्धान शब्दार्थ विमर्श, अनुसन्धान प्रविधि विमर्श,

 ISSN 2395-3055

Website : aisanskritsahityasammelan.com
E-mail : sanskritratnakar01@gmail.com
ISSN 2395-3055
दिसम्बर, 2023 ₹ 25

विशेषज्ञ समिति द्वारा समीक्षित संस्कृत की एक श्रेष्ठ मासिक शोधपत्रिका

संस्कृत-रत्नाकरः

Sanskrit Ratnakar

(A peer reviewed monthly Sanskrit Research Journal)

अखिल भारतीय संस्कृत साहित्य सम्मेलन (रजि0)
संस्कृत भवन, ए-10, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, अरुणा आसफ अली मार्ग,
नई दिल्ली - 110067

विशेषज्ञ समिति द्वारा समीक्षित संस्कृत की एक श्रेष्ठ मासिक शोधपत्रिका

संस्कृत-रत्नाकरः
Sanskrit Ratnakar

(A peer reviewed monthly Sanskrit Research Journal)

स्वामित्व	:	अखिल भारतीय संस्कृत साहित्य सम्मेलन (रजि.)
अध्यक्ष	:	प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय अखिल भारतीय संस्कृत साहित्य सम्मेलन
प्रधान सम्पादक (पदेन)	:	रमाकान्त गोस्वामी
सम्पादक	:	प्रो. शिवशङ्कर मिश्र
सह-सम्पादक	:	डॉ. विजय गुप्ता
शोधपत्रपरीक्षक मण्डल	:	प्रो. केदार प्रसाद परोहा (नई दिल्ली) प्रो. रमाकान्त पाण्डेय (जयपुर) प्रो. रामसलाही द्विवेदी (नई दिल्ली) प्रो. रामनारायण द्विवेदी (काशी) प्रो. विनय कुमार पाण्डेय (काशी)
व्यवस्थापक मण्डल	:	आर. एन. वत्स 'एडवोकेट'
ग्राफिक डिजाईनर	:	विश्वकर्मा शर्मा
संपादकीय कार्यालय	:	संस्कृत भवन, ए-10, अरुणा आसफ अली मार्ग, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-67
संपादक, प्रकाशक एवं मुद्रक	:	रमाकान्त गोस्वामी, महासचिव, अ.भा.सं. सा.स.
दूरभाष	:	011-41552221, मो.- 9818475418

Website : aisanskritsahityasammelan.com
E-mail : sanskritratnakar01@gmail.com

नियम एवं निर्देश :-

- संस्कृत-रत्नाकरः में प्रकाशित लेख लेखकों के अपने व्यक्तिगत विचार हैं। इसके लिए "संस्कृत-रत्नाकरः" जिम्मेदार नहीं है।
- प्रकाशितशोधसामग्री लेखकस्यास्ति अतः लेखस्य मौलिकतादिविषये सम्पूर्णं दायित्वं लेखकस्य भविष्यति न तु सम्पादकस्य न वा प्रकाशकस्य।

विषय-सूची

03 | जीवन-परिचय - प्रो. भारतेन्दु पाण्डेय

04 | अभिनवकाव्यालङ्कारसूत्रे प्रतिपादितस्य महाकाव्यलक्षणस्य..... – प्रो.भारतेन्दुपाण्डेयः

09 | जीवन-परिचय - डॉ. नन्दिता शास्त्री 'चतुर्वेदी'

10 | वेदों में कृषि विज्ञान – डॉ. नन्दिता शास्त्री 'चतुर्वेदी'

13 | जीवन-परिचय - डॉ. मधुसुदन मिश्र

14 | विधाता की विशिष्ट कृति-प्रकृति – डॉ. मधुसूदनमिश्र

17 | चिन्मय : ग्रन्थ समीक्षा – डॉ. विजय गुप्ता

19 | चिकित्सानुसन्धानकेन्द्रनिर्माणस्य प्रमुखसिद्धान्ताः – मुकेशशर्मा

22 | भारतीया वेधपरम्परा – ब्रजेशपाठकः

(कवर सहित पृष्ठ संख्या 24)

सम्पादकीयम्

"विद्वान् सर्वत्र पूज्यते"

स्वगेहे पूज्यते गेही स्वग्रामे पूज्यते प्रभुः।
स्वदेशे पूज्यते राजा विद्वान् सर्वत्र पूज्यते।।
विद्वत्वं च नृपत्वं च नैव तुल्यं कदाचन्।
स्वदेशे पूज्यते राजा विद्वान् सर्वत्र पूज्यते ।।

एषा सूक्तिः जगति पंक्तिशः अन्वर्थतामाप्नोपि। ये किल वाणीविरुदवाचः ज्ञानलब्धये समवाप्तकष्टाः निरन्तरं मातरं गीर्वाणीं सभाजयन्ति तेषां कीर्तिलाभः विजयलाभश्च निश्चप्रचम् समुपजायते।

विद्यैश्वर्यादपरिचितेऽपि देशे विपश्चितः समादरं प्राप्नुवन्ति। ज्ञानेऽस्ति कश्चित् प्रकाशः यस्मिन् समे प्रकाशिताः चमत्कृताश्च भवन्ति । प्रकाशालोकोऽयं आत्यन्तिकेन आलोक्यमाणः यश्च स्वयमेव स्वसत्वं प्रमाणयति, तस्मै अन्यत्प्रमाणस्य आवश्यकता न भवति। यथा –

कस्तूरीमृगः स्वात्मकस्तूरिकापरिमलं शपथं विना प्रमाणयन्ति। यतो हि परिमल एव कस्तूर्याः गन्धप्रमाणे स्वत्वे च प्रमाणभूतोऽस्ति अत एवोच्यते-

यदि सन्ति गुणाः पुंसां विकसन्त्येव ते स्वयम्।
न हि कस्तूरिकामोदः शपथेन विभाव्यते।।

पूर्वेभ्यः दशाधिकवर्षेभ्योऽखिलभारतीयसंस्कृतसाहित्यसम्मेलनं प्रतिवर्षं विपश्चितां शास्त्रसाधनां प्रवीक्ष्य तेषां ज्ञानैश्वर्यं ज्ञानभूतिञ्च दृष्ट्वा अध्ययने अध्यापने सर्जने प्रकाशने च तेषां परिश्रमं परीक्ष्य तान् साश्रद्धं साभाजयति पुरुस्करोति च।

वत्सरेऽस्मिन् पुरस्कारनिर्णायकसमित्या गहनपरीक्षणानन्तरं राष्ट्रस्य त्रयो मनीषिणः पुरस्कारार्थं चयनिताः। एवन्तेषां विवरणम्-

1. डॉ. नन्दिताशास्त्री 'चतुर्वेदी'
2. प्रो. भारतेन्दुपाण्डेयः
3. डॉ. मधुसूदनमिश्रः

बुधानामेतेषां सततपरिश्रमेण संस्कृतमातुः पूजनेन च नैके शिक्षार्थिनः शोधार्थिनश्च सततं संस्कृतमातरं समर्चन्ति।

सम्मेलनसभासद्भि विशेषज्ञैश्च एतेषां संस्कृतसेवातत्परां बुद्धिं विभाव्य अस्य संवत्सरस्य पुरस्कृतिप्रदानार्थं अमी निर्णीताः।

पुरस्कृतिरुपेण एतेभ्यः प्रशस्तिपत्रं पुरस्काराराशिश्च प्रददे। नवम्बरमासस्य द्वितीये दिनाङ्के एकस्मिन् समायोजिते सम्मानसम्मेलने सम्मेलनसभासदां विशिष्टातिथीनाञ्चोपस्थितौ एताः पुरस्कृतयः बुधैः सादरं प्रदत्ताः। प्राज्ञानामर्चनेनास्माकं सम्मेलनमपि आत्मगौरवं स्वाभिमानिताञ्चानुभवति।

जयतु संस्कृतं जयतु भारतम्

प्रो. शिवशङ्करमिश्रः, शोधविभागाध्यक्षः
श्रीलालबहादुरशास्त्रीराष्ट्रियसंस्कृतविश्वविद्यालयः



चिन्मय
ग्रन्थ समीक्षा

ग्रन्थ नाम	:	चिन्मय (दार्शनिक एवं सांस्कृतिक चिन्तनपरक शास्त्रीय विश्लेषण),
लेखक	:	डॉ.शिवशङ्कर मिश्र,
प्रकाशक	:	ईस्टर्न बुक लिंकर्स, दिल्ली,
संस्करण	:	२०१८
भाषा	:	हिन्दी
कुल पृष्ठ	:	175

भारतीय ज्ञान परम्परा अनेक सूक्ष्म एवं विविध विज्ञान निधि का पूंज है, जहाँ ज्ञान का अनादि स्रोत वेद है। उपनिषद्, दर्शन, पुराण, धर्मशास्त्र आदि अन्य सभी शास्त्र वेदज्ञान के प्रसार एवं विस्तार हेतु निर्मित हुए हैं। वेद भारतीय संस्कृति के मूल में विद्यमान है, इसीलिए वेद के समान भारतीय संस्कृति भी सतत एवं अक्षुण्य है। वेद ही भारतीय दर्शन का भी मुख्यस्रोत है, जिसका सूक्ष्म विज्ञान देश-विदेश में प्रसिद्ध है, जो प्रत्येक मनुष्य के जीवन से सम्बद्ध है, मनुष्य के प्रत्येक क्रियाकलाप में निहित है, प्रत्येक मनुष्य के लिए प्रासंगिक भी है। जिस विज्ञान का अवलम्बन कर भारत विश्वगुरु कहलाया, वह दर्शन ही है। भारतीय संस्कृति एवं दर्शन के प्रमुख बिन्दुओं का अवलम्बन कर विश्लेषणात्मक पद्धति से लिखे गये शोधनिबन्धों का सङ्ग्रहरूप यह 'चिन्मय' ग्रन्थ है। लेखक ने अत्यन्त सूक्ष्म दृष्टि से भारतीय संस्कृति एवं दर्शन की प्रस्तुति की है, जहाँ गङ्गा के विविध पक्षों का निरूपण, श्रीमद्भगवद्गीता में निहित योगविद्या, गायत्री छन्द, भारतीय संस्कृति में गौ का माहात्म्य, पर्यावरण संरक्षण में पीपल का योगदान, गीतोक्त धर्मतत्त्व, भारतीय राजधर्म, कर्त्तव्य का अधिकार, भक्ति सिद्धान्त, उपनिषद् के मोक्षसन्दर्भ, वेद की यज्ञार्थ में प्रवृत्ति, स्कन्दपुराण के अनुसार तीर्थाचरणपद्धति, व्यासपीठ की अवधारणा एवं मर्यादा सदृश गूढ विषयों पर अत्यन्त शास्त्रीय पद्धति से निबन्धों का शोधपरक लेखन किया है।

भारतीय वाङ्मय में शास्त्रप्रणयन की अनेक विधायें प्रसिद्ध हैं, उनमें निबन्ध लेखन भी एक प्रकार की विधा है, जिसमें विविध विषयों का चयन कर शास्त्रीय लेखन किया जाता है, जहाँ लेखक प्रत्येक विषय का स्वतन्त्र विवेचन करते हुए, उनके विभिन्न पक्षों का अवलोकन करता है तथा उनकी शास्त्रीय समीक्षा भी करता है। तर्कवाचस्पति तारानाथ भट्टाचार्य कहते हैं कि निबन्ध शास्त्रविधा का भेदविशेष है, जिसमें विभिन्न विषयों का नियमपूर्वक सङ्ग्रह होता है- सङ्ग्रहग्रन्थभेदः[1]। राजा राधाकान्तदेव बहादुर नि उपसर्गपूर्वक बन्ध धातु से घञ् प्रत्यय जोड़कर निबन्ध शब्द की निष्पत्ति करते हुए व्युत्पत्ति बताते हैं कि 'निबध्नातीति निबन्धः'[2] अर्थात् जहाँ नियमपूर्वक बन्धन अथवा सङ्ग्रह किया जाये, निबन्ध कहलाता है। निबन्ध का स्वरूप बताते हुए हिन्दी के प्रतिष्ठित आलोचक गुलाब राय कहते हैं कि 'निबन्ध उस गद्य रचना को कहते हैं, जिसमें एक सीमित आकार के भीतर किसी विषय का वर्णन या प्रतिपादन एक विशेष निजीपन, स्वच्छन्दता, सौष्ठव और सजीवता तथा आवश्यक सङ्गति और सम्बद्धता के साथ किया गया हो'। हिन्दी के ग्रन्थों में निबन्ध के आवश्यक अवयवों का विवेचन करते हुए कहा गया है कि जिस निबन्ध में वैयक्तिकता, क्रमबद्धता, संवेदनशीलता, पूर्णरचनाधर्मिता तथा सरस एवं सजीव भाषा शैली हो, वही निबन्ध विधा के सभी शर्तों को पूर्ण करने वाला

UGC - CARE LISTED

ISSN: 0974-8946

अनुसन्धान-प्रकाशन-विभागीया त्रैमासिकी शोध-पत्रिका

शोध-प्रभा

(उत्कर्षमहोत्सवविशेषाङ्कः)

(A Refereed & Peer-Reviewed Quarterly Research Journal)

49 वर्षे संयुक्ताङ्कः (जनवरी-दिसम्बर) 2024 ई.

प्रधानसम्पादकः

प्रो. मुरलीमनोहरपाठकः

कुलपतिः

सम्पादकः

प्रो. शिवशङ्करमिश्रः

शोधविभागाध्यक्षः

सहसम्पादकः

डॉ. ज्ञानधरपाठकः

श्रीलालबहादुरशास्त्रीराष्ट्रियसंस्कृतविश्वविद्यालयः

(केन्द्रीयविश्वविद्यालयः)

नवदेहली-16

UGC-CARE Listed

ISSN : 0974-8946

अनुसन्धान-प्रकाशन-विभागीया त्रैमासिकी शोध-पत्रिका

शोध-प्रभा

(उत्कर्षमहोत्सवविशेषाङ्कः)

(A REFERRED & PEER-REVIEWED QUARTERLY RESEARCH JOURNAL)

49 वर्षे संयुक्ताङ्कः (जनवरी–दिसम्बर) 2024 ई.

प्रधानसम्पादकः

प्रो. मुरलीमनोहरपाठकः

कुलपतिः

सम्पादकः

प्रो. शिवशङ्करमिश्रः

शोधविभागाध्यक्षः

सहसम्पादकः

डॉ. ज्ञानधरपाठकः

शोधसहायकः

श्रीलालबहादुरशास्त्रीराष्ट्रियसंस्कृतविश्वविद्यालयः

(केन्द्रीयविश्वविद्यालयः)

नवदेहली-110016

12. दर्शने वाक्यपदीयस्य स्थानम् 81-85
- डॉ. बद्रीनारायणगौतमः

13. आर्यावर्तीया सनातनज्ञानपरम्परा 86-110
- डॉ. सुधाकरमिश्रः

14. समासान्ताधिकारे योगविभागनिर्देशः, अनुबन्धानामासञ्जन..... 111-115
- डॉ. अरविन्दमहापात्रः

15. श्रीमद्भगवद्गीताभिप्रेतकर्मयोगविवेचनम् 116-120
- डॉ. तरुणकुमारः

16. मेघदूतकुमारसम्भवयोः एवकारार्थविमर्शः 121-130
- डॉ अखिलेशकुमारद्विवेदी

17. अष्टाध्याय्यां द्वित्वाधिकारः 131-135
- डॉ. प्रज्ञा

18. सीतोपनिषदि सीतामाहात्म्यम् 136-142
- डॉ. अमितकुमारसाहा

19. सांख्यदर्शने सृष्टिप्रक्रिया 143-147
- डॉ. मोहनलालशर्मा

20. आयुर्वेदे अन्तःकरणविषयकचिन्तनम् 148-155
- डॉ. विजयगुप्ता

21. उपनिषत्सु अन्नस्य स्वरूपविमर्शः 156-163
- डॉ. अरविन्दकुमारः

22. श्रीमद्भगवद्गीतायां कतिपयवैदिकसिद्धान्ताः 164-170
- आचार्यमुकेशकुमारः

23. वाल्मीकिरामायणीया राजनैतिकी मूल्यावधारणा 171-178
- डॉ. कामेश्वरशुक्लः

24. महाकविकालिदासस्य काव्यशास्त्रीयपरिज्ञानम् 179-191
- डॉ. राकेशकुमारजैनः

25. पुराणवाङ्मये प्रणवस्य स्वरूपविमर्शः 192-196
-प्रो. शीतलाप्रसादशुक्लः

UGC–CARE Listed
जनवरी–दिसम्बर, 2024

शोधप्रभा (उत्कर्षमहोत्सवविशेषाङ्कः)
वर्ष : 49, संयुक्ताङ्कः

आयुर्वेदे अन्तःकरणविषयकचिन्तनम्

– डॉ. विजयगुप्ता*

भारतीयसंस्कृतेर्मूलाधारो वेदास्सन्ति, वेदानामक्षुण्णा विचारधारा एव भारतीयसंस्कृतौ नित्यं निरन्तरं प्रवाहितास्सन्ति। वेदानामनुशीलनेन प्राणिनः लौकिकं पारलौकिकं वाभ्युदयं निःश्रेयसञ्च सम्पादयित्वा स्वं स्वं जीवनं समुन्नतशीलं विधातुं शक्नुवन्ति। मानवजीवने ये विभिन्नाः शुभप्रसङ्गाः वा समुपतिष्ठन्ते, तेषां समेषां सफलीभूताय समुचितनिर्देशनस्य सामर्थ्यं वैदिकविचारधारायामेव विद्यते। **आयुषो वेदः आयुर्वेदः** निरुक्तिरेषा आयुर्वेदशब्दस्य साकल्यार्थं सूचयति। आंग्लभाषायामायुर्वेदस्य आशयः Ayurveda means the knowledge of life इति प्राप्यते। हितमायुः, अहितमायुः, सुखमायुः, दुःखमायुश्च, तन्मानं तथा च तस्य आयुषः हितं किम् अहितं किमिति दर्शयित्वा हितं कथं सम्पादनीयं रक्षितव्यञ्च एवमेवाहितं निवारणमपि कथं भवितुमर्हतीति यस्मिन् शास्त्रे निर्दिष्टं तदेव शास्त्रमायुर्वेदशास्त्रशब्देन व्यवह्रियते। यथा–

हिताहितं सुखं दुःखम् आयुस्तस्य हिताहितम् ।
मानं च तस्य यत्रोक्तमायुर्वेदः स उच्यते ॥[1]

आयुर्वेदशब्दः पुल्लिङ्गे आयुस् विद् धातोः करणेऽर्थे घञ् प्रत्यये कृते सति निष्पद्यते। यस्यार्थो भवति– आयुर्रक्षणस्य ज्ञानं यत्प्रददाति तदायुर्वेदः, यथा– **आयुरनेन विन्दति वेत्ति वेत्यायुर्वेदः।**[2] सुश्रुतसंहितायां तु आयुर्वेदस्य लक्षणं क्रियते यद्येन आयुषो ज्ञानं भवति तदायुर्वेदः, यथा– **आयुरस्मिन् विद्यते, अनेन वाऽऽयुर्विन्दन्तीति।** सुश्रुतेनोक्तस्यास्य लक्षणस्य टीकायां डल्हणाचार्यो वदति– **आयुः शरीरेन्द्रिय-सत्त्वात्मसंयोगः, तदस्मिन्नायुर्वेदे विद्यते अस्तीत्यायुर्वेदः, अथवा आयुर्विद्यते ज्ञायते अनेनेत्यायुर्वेदः, आयुर्विद्यते विचार्यते अनेन वेत्यायुर्वेदः, आयुरनेन विन्दति प्राप्नोतीति वाऽऽयुर्वेदः।**[3] चरकसंहितायामप्युक्तम्–

तस्यायुषः पुण्यतमो वेदो वेदविदां मतः ।
वक्ष्यते यन्मनुष्याणां लोकयोरुभयोर्हितम् ॥[4]

---

* सहायकाचार्यः (सर्वदर्शनविभागः), श्रीला.ब.शा.रा.सं.विश्वविद्यालयः, नवदेहली

1. चरकसंहिता, सूत्रस्थानम्, 1.41
2. शब्दकल्पद्रुमः (प्रथमभागः), पृ० 186
3. सुश्रुतसंहिता, सूत्रस्थानम्, 1.15 (डल्हणाचार्यनिबन्धसंग्रहाख्यव्याख्या)
4. चरकसंहिता, सूत्रस्थानम्, 1.42